डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार सेक्टर–11 सीतापुर रोड, लखनऊ

पत्रांकःए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2024 / 3170 दिनांक 15 जुलाई, 2024

सेवा में,
निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः– संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के सत्र 2023–24 हेतु नामांकन आवेदनों की मूल प्रति सत्यापन ऑनलाइन माध्यम से कराकर हार्ड कापी जमा कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः एकेटीयू / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 2166 दिनांक 26.02.2024 एवं एकेटीयू / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 3060 दिनांक 11.07.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के शैक्षिक सत्र 2023–24 के नामांकन फॉर्म की सत्यापन की प्रक्रिया दिनांक 27.02.2024 से प्रचलन में थी जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 15.07.2024 निर्धारित किया गया था ।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय संस्थानों के नामांकन सत्यापन कराने एवं नामांकन फार्म के सत्यापन के उपरान्त की नामांकन फार्म की हार्ड कॉपी जमा करने में आ रही कठिनाइयों के दृष्टिगत अंतिम तिथि को दिनांक 18.07.2023 तक विस्तारित किया जा रहा है।

उक्त के क्रम में उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थानों को दिनांक 18.07.2024 तक नव प्रवेशित छात्रों का नामांकन सत्यापन कराने एवं नामांकन फार्म के सत्यापन के उपरान्त की नामांकन फार्म की हार्ड कॉपी (छायाप्रति–हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल प्रवजन (Migration/Transfer Certificate) प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति) विश्वविद्यालय लखनऊ स्थित परिसर के नामांकन अनुभाग में जमा कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 डी0पी0 सिंह)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय, कुलपति महोदय ए0के0टी0यू0,लखनऊ को सूचनार्थ।

भवदीय,

(डा0 डी0पी0 सिंह)
उप कुलसचिव